पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित:16.01.2021 इस अंक का मूल्य 2 रूपये


।। ओ३म् ।।



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444



**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली—110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9971467978 पर Paytm कर दें। — अनिल आर्य



वर्ष-37 अंक-16 माद्य-2076 दयानन्दाब्द 197 16 जनवरी से 31 जनवरी 2021 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 16.01.2021, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com


**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल में भी 150वां वेबनार सम्पन्न**

## लोहड़ी व मकर सक्रांति का वैदिक स्वरूप पर गोष्ठी सम्पन्न

### यह पर्व हमारी संस्कृति को मजबूत बनाते हैं —राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

### निर्धन व असहायों की सहायता ही परमधर्म —दर्शनाचार्य विमलेश बंसल




बुधवार 13 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में लोहड़ी व मकरसंक्रांति के वैदिक स्वरूप पर गोष्ठि का आयोजन आर्य नेत्री इंदु मेहता की अध्यक्षता में किया गया । यह परिषद का कॅरोना काल में 150 वा वेबिनार था जो जूम पर संपन्न हुआ। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि ये पर्व हमारी संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के गौरव पूर्ण पक्ष व महत्व को उजागर करते हैं। लोहड़ी पर्व भी एक तरह से लवजिहाद से बचाने की दूल्हा भट्टी की प्रेरणा स्पद कहानी है। आज फिर लव जिहाद की समस्या दिखाई दे रही है आज फिर दुल्ला भट्टी प्रासंगिक हो गए हैं। हमें यज्ञ करके शुद्ध घी, हवन सामग्री वेद मंत्रों की आहुति दे कर पवित्रता पूर्वक पर्व को मनाना चाहिए । ऐसी वस्तुए अग्नि में न डाले जिससे वायु प्रदूषण बढे वैदिक विदुषी दर्शनाचार्य विमलेश बंसल ने कहा शीत शशिर हेमंत का हुआ परम प्राधान्य। तेल तूल, तिल तपन का दान जगत में मान्य।। भारत देश व्रत पर्व उत्सवों का देश है , वर्षभर के पर्वों में मकर संक्रांति और लोहड़ी का अपना विशेष महत्त्व है । सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण, पितृयान से देवयान की ओर जाने का संदेश देने आया यह पर्व संकेत करता है हम सब यज्ञ—देवपूजा, संगतिकरण व यथा स्थान पात्र देख दान करने वाले बनें, निर्धनों को धन, असहायों को सहायता,अज्ञानियों को ज्ञान, अभावग्रस्तों को धनादि दे खिला कर खाने की त्यागमयी उत्कृष्ट वैदिक संस्कृति और सभ्यता को समृद्ध कर राष्ट्र को मजबूत कर सकते हैं। ईश्वर की भक्ति वेदानुकूल पथ को अपनाते हुए ईश्वरीय जनों की सेवा और समर्पण ही है। मुख्य अतिथि चंद्र डुडेजा ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रांतीय महामंत्री प्रवीन आर्य ने कहा कि लोहड़ी उत्साह व उल्लास का पर्व है इससे समाज में भाई चारा बढ़ता है। गायिका सुदेश आर्या,दीप्ति सपरा, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया,आशा आर्या, ईश्वर देवी,विजय हंस,वीना वोहरा, आदर्श मेहता,रवीन्द्र गुप्ता, वीरेन्द्र आहूजा,प्रगति डाली आदि ने मधुर गीत सुनाये।

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

### अंतरराष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी महा वेबनार 29,30,31 जनवरी 2021 को होगा—राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य




रविवार,10 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जूम पर सोल्लास सम्पन्न हुई। जिसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से आर्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में निश्चय हुआ कि परिषद के 43 वे स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 29,30 व 31 जनवरी 2021 को अंतरराष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी महा वेबिनार जूम व फेसबुक लाइव के माध्यम से मनाया जायेगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि इस वर्ष कोरोना महामारी को देखते हुए परिषद के वार्षिकोत्सव का वार्षिकोत्सव ऑनलाइन होगा। महावेबनार में 10 से अधिक देशों के आर्य नेता समिलित रहेगे (अमेरिका, न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका, कनाडा, मोरिशियस, थाईलैंड, नेपाल ,आस्ट्रेलिया, दुबई,बांग्लादेश,नैरोबीआदि के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम 29 जनवरी 2021 को प्रातः 9 बजे आचार्य अखिलेश्वर जी के ब्रह्मत्व में यज्ञ से प्रारम्भ होगा,इसके साथ ही आर्य महिला सम्मेलन,वेद सम्मेलन, आर्य युवा सम्मेलन, सत्यार्थ प्रकाश सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन व संगीतमय वेद कथा आदि का आयोजन किया जाएगा। मुख्य रूप से एमिटी शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अशोक कु चौहान,स्वामी आर्यवेश,राजू कपिला,हरीश सचदेवा, भुवनेश खोसला,विश्रुत आर्य,माधव प्रसाद उपाध्यक्ष, विश्वमोहन आर्य,डॉ.राम बिलास, प्रेमा हंस ,आचार्य सुभाष,आचार्य संजीव रूप,आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, डॉ जयेन्द्र, आयुषी राणा,हरिदेव राम माधव,एस पी सिंह आदि सम्बोधित करेंगे । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने विश्व हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री प्रवीण आर्य,उर्मिला आर्या, नरेंद्र आहूजा विवेक,रामकृष्ण शास्त्री, आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार, स्वतंत्र कुकरेजा, ईश आर्य,राजेश मेंहदीरत्ता, धर्म पाल आर्य,यशोवीर आर्य,अजय सहगल,वेदव्रत बेहरा,अरुण आर्य,डॉ सुषमा आर्या आदि ने विचार रखे । परिषद के प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 55वीं पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में धारण करने का आह्वान किया । सभी ने कॅरोना काल में 150 वेबनार सफलता पूर्वक संपन्न होने पर बधाई दी ।

ऋग्वेद निमंत्रण पत्र यजुर्वेद

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद नई दिल्ली

स्थापित: 3 जून 1978

के 43 वे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में



## अंतर्राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी

## महावेबिनार

### दिनांक 29,30 व 31 जनवरी 2021

### (शुक्र,शनि व रविवार)

**आर्य जगत के उच्चकोटि के संन्यासी, विद्वानों के उदबोधन**

(Zoom व Facebook पर Live रहेगा) LIVE

आप स्वयं जुड़े व मित्रों को भी भागीदार बनाये

WWW.ARYAYUVAKPARISHAD.COM, @AnilAry32599939

सम्पर्क सूत्र :- 9810117464, 9958889970, 9971467978

|ARYAYOUTHGROUPS@FBGROUPS| @ARYAYUVAKFB

ARYA YUVAK PARISHAD , ARYA YUVA UDGHOSH |

ARYAYOUTH@GMAIL.COM, SAURABHARYA27@YAHOO.COM

सामवेद अथर्ववेद

---

**शुक्रवार 29 जनवरी 2021**

## सर्व कल्याण यज्ञ



प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक

यज्ञ ब्रह्मा :- आचार्य अखिलेश्वर जी (हरिद्वार)

## आर्य महिला सम्मलेन

विषय:- बदलते परिवेश में नारी की भूमिका

प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक



अध्यक्षता
श्रीमती प्रेम हंस
(आर्य समाज, ऑस्ट्रेलिया )



मुख्य अतिथि
श्रीमती मृदुला चौहान
(संचालिका सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल )



विशिष्ट अतिथि
Aryawattee Boolauky
(D.D DAV College Mauritius)



संयोजक
श्रीमती उर्मिला आर्या
(प्रदेश अध्यक्षा ,युवती परिषद)



मुख्य वक्ता
श्रीमती आयुषी राणा
(वैदिक विदुषी)

**गरिमामय उपस्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| गायत्री मीना | अंजू जावा | उर्मिला सचदेवा (न्यूज़ीलैंड) |
| डॉ रिखबचंद जैन | अर्चना पुष्करणा | करुणा चांदना |
| कमलेश हसीजा | सुनीता बुग्गा | वेदप्रभा बरेजा |

संगीत :- संगीता आर्या "गीत"व पुष्पा चुघ

धन्यवाद ज्ञापन :-डॉ. सुषमा आर्या (प्रदेश महामंत्री, युवती परिषद्)

---

**शुक्रवार 29 जनवरी 2021**

## वेद सम्मेलन

सायं 4 बजे से 6 बजे तक







## संगीतमय वेदकथा

आचार्य संजीव रूप, (बदायूं,उत्तर प्रदेश) द्वारा



अध्यक्षता
श्री कर्मवीर सूद
(सीएमडी, सुप्रीम सर्किट्स)



मुख्य अतिथि
श्री एस पी सिंह
(प्रधान ,आर्य समाज बैंकॉक,थाईलैंड)



विशिष्ट अतिथि
डॉ. माधव प्रसाद उपाध्याय
(प्रधान नेपाल आर्य समाज केन्द्रीय सभा)

**गरिमामय उपस्थिति**

श्री रामकुमार सिंह आर्य (दिल्ली),
आ. कृष्णप्रसाद कौटिल्य (झारखण्ड)
श्री दर्शन अग्निहोत्री (दिल्ली)
श्री रामानन्द आर्य (बिहार)
श्री सुरेश आर्य
आ. भानुप्रताप वेदालंकार (मध्य प्रदेश)
श्री वेदव्रत बेहरा (उड़ीसा)
आचार्य शिववीर शास्त्री (महाराष्ट्र)
श्री अरुण अग्रवाल (दिल्ली)

संगीत :- श्रीमती किरण सहगल, श्री रविन्द्र गुप्ता

जहाँ नहीं होता कभी विश्राम आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

---

**शनिवार 30 जनवरी 2021**

## सर्व कल्याण यज्ञ

प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक

यज्ञ ब्रह्मा :- आचार्य अखिलेश्वर जी (हरिद्वार)

## आर्य युवा सम्मलेन

विषय:- सामाजिक बदलाव में युवाओं की भूमिका

प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक



अध्यक्षता
श्री ईश कुमार आर्य
(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष )



मुख्य अतिथि
श्री भुवनेश खोसला
(प्रधान ,आर्य प्रतिनिधि सभा, अमेरिका)



विशिष्ट अतिथि
श्री हरीश सचदेवा
(आर्य समाज, न्यूज़ीलैंड)



विशिष्ट अतिथि
श्री विश्वमोहन आर्य
(आर्य समाज, दुबई)

**मुख्य वक्ता:-**

आचार्य वीरेन्द्र विक्रम (दिल्ली)
आस्था आर्या (दिल्ली)
श्री नरेन्द्र आहूजा विवेक (चण्डीगढ़)
श्री हरिचंद स्नेही (सोनीपत)

"भव्य व्यायाम प्रदर्शन" संयोजक:- सौरभ गुप्ता (प्रधान शिक्षक)

**गरिमामय उपस्थिति**

ब्र.विश्वपाल जयन्त (उत्तराखण्ड)
श्री मित्रमहेश आर्य (गुजरात)
श्री रामकृष्ण शास्त्री (राजस्थान)
डॉ. सुधीर गुप्ता (पंजाब)

संयोजक: आचार्य गवेन्द्र शास्त्री (राष्ट्रीय बौद्धिकाध्यक्ष )

धन्यवाद ज्ञापन :- श्री यशोवीर आर्य (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)

## सत्यार्थ प्रकाश सम्मेलन



सायं 4 बजे से 6 बजे तक



## संगीतमय वेदकथा

आचार्य संजीव रूप, (बदायूं,उत्तर प्रदेश) द्वारा

संगीत :- श्री नरेन्द्र आर्य "सुमन", श्रीमती वन्दना जावा व श्री नरेश खन्ना







अध्यक्षता
श्री राजन रखेजा
(निदेशक, प्रिसिजन टेक एंटरप्राइजेज)

मुख्य अतिथि
श्री हरिदेव राम माधव
(प्रधान आर्य समाज मॉरीशस)

विशिष्ट अतिथि
श्री राजू कपिला
(आर्य समाज कनाडा)

गरिमामय उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमसचदेवा | श्री ओम सपरा | डॉ. डी के गर्ग |
| श्री आर पी सूरी | श्री के के यादव | श्री वेद प्रकाश आर्य |
| श्री रत्नाकर बत्रा | डॉ. आर के आर्य | श्री डी पी परमार |

जहाँ नहीं होता कभी विश्राम आर्य युवक परिषद् है उसका नाम



रविवार 31 जनवरी 2021

## सर्व कल्याण यज्ञ (पूर्णाहुति)

प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक

यज्ञ ब्रह्मा :- आचार्य अखिलेश्वर जी (हरिद्वार)

## अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन
### विश्व पटल पर आर्य समाज की प्रासंगिकता

प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक







अध्यक्षता
डॉ. अशोक कु चौहान
(संस्थापक अध्यक्ष)
एमिटी शिक्षण संस्थान नई दिल्ली

मुख्य अतिथि
श्री विश्रुत आर्य
(महामंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा,अमेरिका)

मुख्य वक्ता:-
स्वामी आर्यवेश जी
(प्रधान, सार्वदेशिक सभा, नई दिल्ली)

विशिष्ट अतिथि:
श्री आनंद चौहान,श्री राजीव कुमार परम, श्री अरुण बंसल
श्री ठाकुर विक्रम सिंह , श्री योगराज अरोड़ा, श्री संजीव सेठी

मुख्य वक्ता:-
डॉ जयेन्द्र आचार्य (प्राचार्य आर्ष गुरुकुल नोएडा)

गरिमामय उपस्थिति

| | |
|---|---|
| श्री आनन्द प्रकाश आर्य (उत्तर प्रदेश) | श्री स्वतंत्र कुकरेजा (हरियाणा) |
| श्री सुभाष बब्बर (जम्मू कश्मीर) | श्री अजेय सहगल (हिमाचल प्रदेश) |
| श्री राजेश मेहन्दीरत्ता(दिल्ली) | श्री सुरेन्द्र शास्त्री (दिल्ली) |

संगीत :- डॉ. रचना चावला व श्रीमती सविता आर्या

संयोजक: श्री अनिल आर्य (अध्यक्ष, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्)

## भव्य समापन समारोह

सायं 4 बजे से 6 बजे तक

## संगीतमय वेदकथा

आचार्य संजीव रूप, (बदायूं,उत्तर प्रदेश) द्वारा

संगीत :- श्रीमती दीप्ति सपरा व निताशा कुमार(बैंगलोर)







मुख्य अतिथि
डॉ. बी रामबिलास
(प्रधान,आर्य समाज,दक्षिण अफ्रीका)

अध्यक्षता
डॉ. आशीष खुराना
(खुराना हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर,सिरसा)

विशिष्ट अतिथि
आचार्य सुभाष शास्त्री
(प्रधान,आर्य समाज बंगलादेश)

धन्यवाद ज्ञापन :- श्री महेन्द्र भाई (महामन्त्री)

दर्शनाभिलाषी

| | |
|---|---|
| अनिल आर्य,अध्यक्ष | यशोवीर आर्य,उपाध्यक्ष |
| महेन्द्र भाई, महामन्त्री | दुर्गेश आर्य,वरिष्ठ मंत्री |
| धर्मपाल आर्य,कोषाध्यक्ष | देवेन्द्र भगत,प्रेस सचिव |
| प्रवीन आर्य,प्रेस सचिव | सौरभ गुप्ता,प्रबंधक |

### दानदाताओं से अपील

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इंडिया,घंटाघर, दिल्ली - 110007, IFSC कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न 9810117464 पर SMS कर दें या 9971467978 पर Paytm, Google Pay , Phone Pay कर दें। कृपया हमारे पाक्षिक पत्रिका युवा उदघोष के सदस्य बनें। (स्थापित 1982)

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सोल्लास सम्पन्न

**सरकार द्वारा कोविड वैक्सीन को अनुमति देना सबके लिए उत्साह का पल– नरेन्द्र आहूजा विवेक**



शुक्रवार,1जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में कोरोना से जंग काव्य बौछारो के संग राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य की अध्यक्षता में किया गया। इस काव्य गोष्ठी का फेसबुक व जूम प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण किया गया। हरियाणा राज्य औषधि नियन्त्रक और केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के प्रान्तीय प्रभारी नरेन्द्र आहूजा विवेक ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। उन्होंने नए वर्ष के अवसर पर भारत सरकार द्वारा कोविड–19 की वैक्सीन के प्रयोग की अनुमति देने को सभी के लिए गौरव का पल बताया। दयानंद कॉलेज हिसार के जनसंचार विभाग में सहायक प्रो. नरेन्द्र सोनी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहें। गीता भूमि कुरुक्षेत्र से मनीष कुकरेजा द्वारा ओउम् की ध्वनि द्वारा बांसुरी वादन करके शुभारंभ किया गया। कवि सत्य प्रकाश भारद्वाज(फरीदाबाद), बलराम तोमर, सरदार हरभजन सिंह दिओल(अध्यक्ष, राष्ट्रीय सिख संगत एन सी आर), मोहन चंद शास्त्री(बल्लभगढ़),कवि देवेन्द्र गौड,दिल्ली से ओम सपरा, चन्द्रकांता आर्या(बंगलोर),धर्मेश अविचल (अलीगढ़) आदि ने अपनी रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा ने भी इस अवसर पर अपनी पंक्तियों के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने सभी से देश की एकता अखंडता को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

**जहां नहीं होता कभी विश्राम**
**आर्य युवक परिषद है उसका नाम**

# नववर्ष का मुकेश,रफी व किशोर दा के गीतों से किया स्वागत

गुरुवार, 31 दिसम्बर 2020, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत पुराने गीतों ष्एक शाम रफी, मुकेश,किशोर दाष के नाम पर ऑनलाइन संगीत संध्या का आयोजन जूम पर किया गया। ये परिषद का 142वां वेबनार था जिसमें जूम पर 100 व फेसबुक पर 5200 श्रोता जुडे। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि ने कहा कि संगीत तनाव ,एकांतवास को दूर करने में उपचार का कार्य करता है । पुराने गीतों में आज भी वही ताजगी है । उन्होंने अंग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर राष्ट्र उत्थान में सहभागी बनने एवं देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। दयानन्द मॉडल स्कूल विवेक विहार के प्रबंधक प्रवीन भाटिया ने कहा कि सबके जीवन में नया साल ढेर सारी खुशियां, सुख–समृद्धि, ऐश्वर्य एवं आरोग्य लेकर आये। कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेन्द्र आर्य ष्सुमनष(मंत्री आर्य समाज रमेश नगर) ने कहा कि कोरोना काल के वर्ष ने लोगों को अभूतपूर्व पीड़ा पहुंचाई किसी के करीबी रिश्तेदार चले गए तो किस के सपने टूट गए लोग तनाव से भरा हुआ महसूस कर रहे थे ऐसे में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने लोगों को तनाव से मुक्त करने का जो सराहनीय कार्य किया वो अद्वितीय है।

# स्वाधीनता की सुरक्षा के उपाय पर गोष्ठी सम्पन्न

रविवार, 3 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में ष्स्वाधीनता की सुरक्षा के उपाय विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया। यह कॅरोना काल में परिषद का 145वां वेबिनार था। हरियाणा राज्य औषधि नियन्त्रक व केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के प्रान्तीय प्रभारी नरेन्द्र आहूजा ष्विवेकष ने ष्स्वाधीनता की सुरक्षा के उपायष विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा राष्ट्र बाल्यावस्था में है और बहुत सी व्याधियों से ग्रस्त हो गया है। स्वाधीनता की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि (स्वआधीन) जब तक हम स्वयं अधीन हैं तब तक स्वाधीन है।हम यदि अपनी स्वाधीनता की सुरक्षा करना चाहते हैं तो अपनी मातृ भाषा,अपनी राष्ट्र भाषा के साथ जुड़े रहें।अपने विकास के सही मार्ग को समझे और पाश्चात्य संस्कृति के वशीभूत न हो जाएं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि ने कहा कि जो राष्ट्र अपनी इतिहास की गलतियों से सीख ले कर वर्तमान में पुरुषार्थ कर भविष्य में गलतियों को न दोहराएं तभी हम राष्ट्र की स्वाधीनता की सुरक्षा कर सकते हैं।हमे अपनी संस्कृति,धर्म व उपलब्धियों का सम्मान करना चाहिए, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग,आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ना होगा। कार्यक्रम अध्यक्ष आर्य नेता आर पी सूरी ने कहा कि आज सभी को राष्ट्रीयता की भावना से ओत प्रोत होने व करने की आवश्यकता है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि हम सभी को पुनः गुरुकुल व्यवस्था को स्थापित करने का प्रयास करना होगा। योगाचार्य सौरभ गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने देश की संस्कृति से अवगत कराने का अभियान चलाना चाहिए।

# मनुस्मृति पर आर्य गोष्ठी सम्पन्न

### गुण, कर्म,स्वभाव से तय होती थी वर्ण व्यवस्था–डॉ. रामचंद्र(कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय)

### व्यक्ति के पद ,गरिमा से हो दंड व्यवस्था–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

मंगलवार, 5 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में मनुस्मृति में जीवन दर्शन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया। जिसमें मनुस्मृति के संदर्भ में व्याप्त धारणाओं के प्रति शंका समाधान भी किया गया । यह परिषद का 146 वां वेबिनार था। संस्कृत विभाग अध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ रामचंद्र ने ष्मनुस्मृति में जीवन दर्शनष विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ण व्यवस्था जन्म से नहीं अपितु व्यक्ति के गुण,कर्म स्वभाव से तय होती थी।मनुस्मृति के सही जीवन दर्शन को प्रत्येक मनुष्य तक पहुंचाने की आज अति आवश्यकता है।मनुस्मृति में पांच महायज्ञ को भी विशेष स्थान दिया गया है।मनुस्मृति में कानून का भी संदेश दिया गया है। बताते हैं कि समाज को सुदृढ़ करना है तो दंड व्यवस्था को कठोर होना चाहिए।मनुस्मृति का जीवन दर्शन समाज को बेहतर दिशा में ले जाने का मार्ग है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि मनुस्मृति व्यक्ति की गरिमा व पद के अनुसार दंड व्यवस्था करने का आदेश देती है। आर्य नेता सुरेन्द्र शास्त्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारे देश का स्वर्णिम काल लगभग 8 वी सदी से पहले का समय था जब समाज व्यवस्था और राज व्यवस्था मनुस्मृति के अनुसार थी।

# ईश्वरीय पूजा के वैदिक स्वरूप पर गोष्ठी सम्पन्न

### ईश्वर देने वाला है लेने वाला नहीं है –आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी

### एक निराकार ईश्वर ही उपास्य देव है –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

गुरुवार, 7 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में ईश्वरीय पूजा का वैदिक स्वरूप विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया। यह परिषद का 147 वां वेबिनार था। वैदिक विद्ववान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने ष्ईश्वरीय पूजा का वैदिक स्वरूपष विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेदों में ईश्वर को एक और निराकार बताया गया है। ईश्वर के अनगिनत गुण है। उन्होंने कहा कि हमे आध्यात्मिक आंगन का खिलाड़ी बनने की आवश्यकता है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि केवल एक ईश्वर ही उपास्य देव हैं और मूर्ति पूजा और अवतारवाद वेद संगत नहीं हैं। हमें वेदों की आज्ञा का पालन करना चाहिए । वेदों में केवल और केवल एक ही ईश्वर की उपासना का विधान हैं वह सर्वज्ञ, सर्वान्तर्यामी, निराकार है उसी की उपासना किया करें । आर्य नेता सुरेन्द्र बुद्धिराजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ईश्वर के सत्यस्वरूप का अनुसंधान किया और ऐसा करते हुए उन्होंने वेदों में वर्णित ईश्वर के सत्यस्वरूप व उसके गुण–कर्म–स्वभाव को यथार्थरूप में बताया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि "न तस्य प्रतिमा अस्ति "अर्थात उस परमात्मा की कोई प्रतिमा नहीं हैं का प्रमाण मूर्ति पूजा के विरुद्ध आदेश हैं। योगाचार्य सौरभ गुप्ता ने कहा कि वैदिक काल में निराकार ईश्वर की पूजा होती थी जिसे कालांतर में मूर्ति पूजा का स्वरुप दे दिया गया।

# वेदों में पर्यावरण विषय पर आर्य गोष्ठी सम्पन्न

### पर्यावरण के प्रति श्रद्धा बनाने की आवश्यकता है–डॉ कल्पना रस्तोगी

### प्राण रक्षा के लिये शुद्ध पर्यावरण अहम–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

शनिवार,9 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में वेदों में पर्यावरण विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया।यह परिषद का 148 वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी डॉ कल्पना रस्तोगी ने वेदों में पर्यावरण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कोरोना वायरस ने सभी को घरों मे कैद करके पर्यावरण को पुनः शुद्ध होने का अवसर दिया है । पर्यावरण के प्रति जागरूकता व श्रद्धा पैदा करने समय की मांग है । वेदों में भी पर्यावरण के प्रति श्रद्धा व सुरक्षा पर बल दिया गया है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि मांसाहार पर्यावरण के लिए खतरा है, हमे प्रकृति को शुद्ध व पवित्र बनाने के लिए शाकाहार को बढ़ावा देना चाहिए । बर्ड्स फ्लू भी जीव हत्या का ही प्रतिकार है । यदि हम जीव हत्या, मांसाहार को त्याग दे तो पर्यावरण स्वयं शुद्ध हो सकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष आर्य नेत्री मोहिनी देवी आर्या ने कहा कि यज्ञ परम्परा को घर घर अपना कर वातावरण शुद्ध बनाने का संकल्प लें। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि यदि पर्यावरण को शुद्ध रखना है तो आज वेद में बताए गए सात्विक आचरण का अनुसरण करना होगा। योगाचार्य सौरभ गुप्ता ने कहा कि वेद पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश देते हैं।

# खाद्य मिलावट से कैसे बचे आर्य गोष्ठी सम्पन्न

### खाद्य पदार्थों में मिलावट गम्भीर अपराध –प्रो.करुणा चांदना

### नैतिकता व अतर्रात्मा से रुक सकती है मिलावट –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

सोमवार,11 जनवरी 2021, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में खाद्य मिलावट से कैसे बचे विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया। यह कॅरोना काल में परिषद का 149 वां वेबिनार था। प्रो.करूणा चांदना ने खाद्य मिलावट से कैसे बचे विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्य पदार्थो में मिलावट से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबन्धित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे हो सकते हैं। गृहणी को शुद्ध वस्तुओ की पहचान होनी चाहिए। सामान्य परीक्षणो की जानकारी –गृहणी को मिलावट की जाँच करने के लिये घरेलू स्तर पर परीक्षणो की जानकारी होनी चाहिए। जैसे– नकली शहद का पानी में घुल जाना, नकली काली मिर्च का तैरते रहना आदि। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि ने कहा कि छोटे–बड़े अनेक खाद्य व्यापारी अधिक लाभ के लोभ वश नाना प्रकार की युक्तियों से घटिया वस्तु को बढ़िया बताकर ऊँचे दाम पर बेचने का प्रयास करते हैं।व्यापारियों में शुद्ध वस्तु बेचने पर प्रोत्साहन देकर व इसके लिए जागरूकता व अन्तर्रात्मा को जागृत करने की आवश्यकता है जिससे मिलावट रूक सके। आर्य नेत्री सुनीता बुग्गा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भोज्य पदार्थ में मिलावट आशंका होते ही सम्बन्धित अधिकारियो को सूचित करना चाहिए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि जो दुकान विश्वयनीय हो जिसकी बिक्री अधिक होती हो वही से सामान खरीदे।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मा. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970